# मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ भजन लिरिक्स

मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ,
लो आ गया मैं हार के,
पकड़ो जी मेरा हाथ,
मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ।bd।

तर्ज – मिलती है ज़िंदगी में।

---

कितने ही घाव सांवरे,
दिल पे लगे मेरे,
जब जब दिखाए दुनिया को,
तब तब हुए हरे,
सो ना सका हूँ दर्द में,
जाने में कितनी रात,
लो आ गया मैं हार के,
पकड़ो जी मेरा हाथ,
मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ।bd।

---

हस हस के सह गया प्रभु,
गैरों की मार को,
पर मैं सह सका नहीं,
अपनों के वार को,
जिन पे भरोसा था सदा,
उनसे ही खाई मात,
लो आ गया मैं हार के,
पकड़ो जी मेरा हाथ,
मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ।bd।

---

अंतिम सहारा मान के,
आया हूँ तेरे द्वार,
अब है तुम्हारा काम ये,
कैसे करोगे पार,
‘सोनी’ नहीं है आपसे,
छानी कोई भी बात,
लो आ गया मैं हार के,
पकड़ो जी मेरा हाथ,
मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ,
लो आ गया मैं हार के,
पकड़ो जी मेरा हाथ,
मैंने सुना है सांवरे हारे का देते साथ।bd।

स्वर – वंदना अरोड़ा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com